साइयन्स ऑफ़ द सोल–अमरीका के तरफ़ से यह ऑफिसियल सूचना है

बाबा जी का सत्संग प्रोग्राम

साईंस ऑफ़ सोल स्टडी सेंटर – पेटालूमा
2415 East Washington Street, Petaluma, California 94954
www.petalumaprogram.org
धवार जुलाई 27 और गुरुवार, जुलाई 28, 2022

प्रोग्राम

गेट खुलने का समय:	सुबह 6:00 am
सत्संग हॉल खुलने का समय:	सुबह 6:30 am
अपनी सीटों पर बैठ जाने का समय:	सुबह 8:45 am
सत्संग शुरू:	सुबह 9:30 am
सत्संग ख़तम:	सुबह 11:00 am
साइट बंद होने का समय:	दोपहर 1:30 pm

आमंत्रित क्षेत्र: अमरीका के रहने वाले केवल वो निवासी पेटालूमा सत्संग प्रोग्राम पर आमनत्रित है जो की नीचे दी गयी स्टेट्स से हैं: AK, AR, AZ, CA, CO, HI, ID, KS, MO, MT, NM, NV, OK, OR, TX, UT, WA, WY.

अमरीका से बाहर रहने वाली संगत को पेटालूमा सत्संग प्रोग्राम में आने की अनुमति नहीं है।

सत्संग प्रोग्राम: हर रोज़ सुबह 9:30 am बजे सत्संग शुरू होगा और सत्संग के बाद सवाल-जवाब होंगे।

पहुँचने का समय—कृपया साइट पर सुबह 6:00 बजे से पहले ना पहुंचे, ज़्यादा जल्दी पहुँचने से सुरक्षा और यातायात के लिए खतरे वाली स्थिति पैदा हो सकती है। समय से पहले पहुँचने वाली संगत की सहूलियत के लिए कोई भी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं होंगी। कृप्या सेवादारों को साइट पर पहुँचने और साइट को तैयार करने का उचित समय दें। **सुबह 6:30 am बजे के निर्धारित समय से पहले किसी को भी हॉल में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। निर्धारित समय पर पहुंचने वालों के प्रति निष्पक्ष रहने के लिए हॉल में प्रवेश के लिए रैंडम लाइन सिलेक्शन सिस्टम लागू किया जाएगा।**

बैठने क़ी सुविधा: संगत को सुबह 8:45 am बजे तक अपनी सीटों पर बैठ जाना चाहिए। जो संगत इकट्ठे बैठना चाहते हैं उन्हें इकट्ठे ही पहुँचना चाहिये। किसी और के लिए सीट रोक के रखने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। सब की सुविधा और सुरक्षा के लिया, कृपया सेवादारों के साथ सहयोग करें।

सत्संग का साथ-साथ अनुवाद (सिमल्टेनीयस ट्रैन्स्लेशन): सत्संग का पंजाबी या हिंदी से अंग्रेज़ी और अंग्रेज़ी से स्पेनिश का साथ-साथ अनुवाद होगा। इसके लिए हेडफोन के साथ सत्संग हॉल में एक निर्दिष्ट बैठने की जगह की व्यवस्था की गई है। कृप्या ध्यान दें कि, वहाँ बैठने की सुविधा सीमित है, इसलिए जो पहले आएँगे, उन्हें वहाँ बैठने का मौक़ा भी पहले मिलेगा।

सवाल और जवाब: सत्संग के बाद, सवाल-जवाब का प्रोग्राम होगा। जो बाबा जी से सवाल पूछना चाहते हैं, उन का चुनाव पर्ची निकालने के तरीक़े से रोज़ सत्संग से पहले किया जायेगा। यह चुनाव की जगह सुबह 7:00 बजे खुलेगी और 8:00 बजे बंद हो जाएगी, जिसके बाद

चुनाव होगा। अगर आप सवाल पूछना चाहते हैं तो हॉल में अपनी सीट रखकर, हॉल के पीछे सवाल-जवाब चुनाव एरिया में आ जाएँ। अगर आप न चुने गए हों, तो आप अपने सीट पर वापस चले जाएँ। चुने जाने के बाद, किसी और को, सवाल-जवाब के लाइन में लगने की अनुमति नहीं है।

सवाल जवाब के लिए निर्देश:

डेरे ने सवालों के बारे में निम्नलिखित जानकारी देने को कहा है:

1. सवाल पूछने वालों की उम्र 18 या 18 से बड़ी होनी चाहिये।
2. सवाल छोटे और स्पष्ट होने चाहिये।
3. सिर्फ **एक** सवाल पूछना चाहिये।
4. सवाल सिर्फ रूहानियत के बारे में होने चाहिये ना की निजी, आर्थिक, सेहत, पारिवारिक या राजनीतिक समस्याओं के बारे में।
5. दूसरों कि ओर से सवाल ना पूछें।
6. लम्बे नोट, कविताएँ या चिठ्ठियाँ ना पढ़ें।
7. जब बाबा जी आप के सवाल का जवाब दे रहें हों तो उनको बीच में ना टोकें। आप कुछ बोलने से पहले, उनको अपनी बात ख़तम करने दें।

संगत के लिए निवेदन:

1. **सत्संग प्रोग्राम के दौरान किसी समय भी ताली ना बजाएँ।**
2. **सवाल पूछने वालों कि गोपनीयता का आदर करें और मुड़ कर उन्हें देखने की कोशिश ना करें।**

इन चीज़ों को लेकर आना मना है: मोबाइल फ़ोन, पेजर, कैमरा, दूरबीन, लेज़र पॉइंटर, mp3 प्लेयर जिसमे आईपॉड भी शामिल हैं, ऑडियो वीडियो रिकॉर्डर, इलेक्ट्रॉनिक गेम्स या किसी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को सत्संग एरिया (हॉल, फैमिली एरिया और आस-पास का एरिया) पर लेकर आना बिलकुल मना है। अगर ऐसी कोई चीज़ साइट पर लाई जाती है तो उसे सेवादारों के पास ज़रूर जमा कराएँ।

तस्वीर लेना और ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग: मोबाइल फ़ोन या किसी और इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का प्रॉपर्टी पर कहीं भी प्रयोग करना मना है.

बड़े बैग और पर्स: (6"x 9" से बड़े) और खाने-पीने की चीज़ों को (पानी को छोड़ कर) हॉल के अंदर **नहीं** लाने दिया जायेगा। कृपया नोट करें की सब बैगों की हॉल में या फॅमिली एरिया में अंदर लाने पर जाँच की जा सकती है। गद्दियाँ लेकर आने की इजाज़त है पर मेटल फ्रेम वाली कुर्सी की इजाज़त नहीं है।

नोट्स लिखना: सतगुरु चाहते हैं कि हम उनकी मौजूदगी का पूरा-पूरा फ़ायदा उठाएँ और अपना समय और ध्यान नोट्स लिखने में न लगाएँ। इसलिए कृप्या सत्संग में या सवाल-जवाब के दौरान नोट्स न लिखें। नोट्स लिखकर उन्हें इंटरनेट या किसी और तरीक़े से एक दूसरे को भेजने की सख़्त मनाही है।

पार्किंग और प्रॉपर्टी से बाहर निकलना: दूर के पार्किंग एरिया से बुज़ुर्गों और शारीरिक रूप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों की सहायता के लिए सीमित ट्रांसपोर्ट का इंतज़ाम किया जाएगा। कारों को प्रॉपर्टी से निकलने में कुछ वक्त लग सकता है, इसलिए प्रॉपर्टी के मैदान पर धैर्य से इंतज़ार करने के लिये तैयार रहें। **प्रॉपर्टी से बहार निकलने में लगने वाली देरी को ध्यान में रखते हुए अपनी फ्लाइट सत्संग ख़तम होने के कम से कम पांच घंटे के बाद बुक कराएं।**

ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन): कुछ चुने हुए होटेलों से शटल बसें चलेंगी, लंबी दूरी वाली चार्टर बसों का भी इंतज़ाम हो सकता है। कृप्या अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर होटल शटल इन्फ़र्मेशन पेज (Hotel Shuttles information page) और होटेल शटल्ज़ टिकट ऑर्डर फ़ॉर्म (Hotel Shuttles Ticket Order Form) देखें।

सत्संग में बच्चों के साथ आना: 10 और 10 साल से बड़े बच्चों को सत्संग में जाने की आज्ञा है। 10 साल से कम उमर के बच्चों को अपने माता पिता या गार्डियन के साथ फ़ैमिली एरिया में जाना चाहिये। माता-पिता या गार्डियन बच्चों के लिए सत्संग के दौरान और सत्संग से पहले और बाद में भी ज़िम्मेवार रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर फ़ैमिली एरिया पेज (Family Area page) देख सकते हैं।

शारीरिक रूप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों की ज़रूरतें: शारीरिक रूप से असमर्थ (स्पेशल नीड्स) लोगों के लिए सहायता उपलब्ध होगी । जब आप सत्संग के लिए पहुँचें, तो स्पेशल नीड्स के लिए, ड्राप ऑफ़ (Drop off) और पार्किंग के संकेतों का पालन करें। सेंटर, कोई भी चिकित्सा के लिए उपकरण (मेडिकल इक्विप्मेंट) प्रदान करने में असमर्थ है, जैसे कि व्हीलचेयर, व्यक्तिगत उपयोग के लिए वॉकर इत्यादि। **अपनी ज़रूरत की चीज़ें ख़ुद लेकर आएँ।** कृपया वेबसाइट पर स्पेशल नीड्स पेज (Special Needs page) स्पेशल नीड्स ऐप्लिकेशन फॉर्म (Special Needs Application Form) देखें।

स्थानीय लोगों के साथ सम्बन्ध: सत्संग में आने वाले हर व्यक्ति को चाहिये कि वह स्थानीय लोगों के साथ अपना व्यवहार विनम्र और उचित रखें. हमारे सत्संग सेंटरों ने स्थानीय लोगों और स्थानीय सरकारों के साथ बहुत अच्छे सम्बन्ध विकसित किये हैं। हमें चाहिये कि हम ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे यह सम्बन्ध ख़राब हों। अगर हो सके, तो होटल और रेस्टोरेंट में काम करने वाले लोगों को टिप ज़रूर दीजिए।

पहनावा, इत्र लगाना, धूम्रपान और पालतू जानवर: पार्किंग एरिया से लम्बे फासले के कारण, फ्लैट जूते डालने की सलाह दी जाती है। हॉल को सत्संग से पहले ठंडा किया जायेगा, इस लिए उपयुक्त कपड़े डाल कर आएँ। कुछ लोगों को दमा, एलर्जी आदि की सेहत की समस्या हो सकती है। कृपया इन लोगों का ध्यान रखते हुए इत्तर वग़ैरा लगाने से परहेज करें। सत्संग प्रॉपर्टी में धूम्रपान और पालतू जानवर लेकर आने की आज्ञा नहीं है। जो जानवर विशेष ज़रूरतों वाले लोगों के लिए सर्टिफाइड सर्विस जानवर हैं, उन को प्रॉपर्टी पर लाया जा सकता है।